पेज थ्री देहरादून

पत्रकार वार्ता के दौरान एससी, एसटी एम्पलाइज फैडरेशन के पदाधिकारी।

देहरादून, शनिवार 21 मार्च, 2020

पेज 8

# हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### जनता दर्शन कार्यक्रम स्थगित

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड–19 का विश्वभर में प्रकोप के कारण वायरस संक्रिमित व्यक्ति चिन्हित हो रहे हैं। वर्तमान स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव ने तहसील स्तर पर विशेष परिस्थितियों को छोड़कर 31 मार्च 2020 तक जनता दर्शन कार्यक्रम स्थगित रखने के आदेश दिये हैं तथा सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को आदेशों का अनुपालन करवाने के निर्देश दिये।

### सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने में सहयोग की अपील

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने में सहयोग करने हेतु व्यापार मण्डल एवं होटल ऐसोसिएशन के समस्त अध्यक्ष एवं सचिव को जनपद में अवस्थित समस्त विभिन्न व्यापार अधिष्ठानों, दुकानों होटलों, बारात घरों को सैनेटाइज रखते हुए आने–जाने वाले उपभोक्ताओं तथा तैनात श्रमिकों एवं कार्मिकों को जागरूक करने तथा समूह में उचित दूरी बनाये रखने हेतु प्रेरित करने को कहा है। जिलाधिकारी ने आम जनमानस से भी सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने में सहयोग करने का अनुरोध किया है।

### घरेलू और विदेशी पर्यटकों के प्रवेश पर रोक

**संवाददाता** देहरादून। एपिडेमिक डिजीज एक्ट 1897 के अंतर्गत उत्तराखण्ड एपिडेमिक डिजीजकोविद–19 रेगुलेशन 2020 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अग्रिम आदेशों तक उत्तराखण्ड में सभी घरेलू और विदेशी पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री नीतेश झा द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कोविद–19 के फैलाव को रोकने के लिए अनावश्यक भ्रमण न करने के लिए पूर्व अनेक एडवायजरी जारी की गई हैं।

# लोगों को कोरोना वायरस के बारे में जागरूक बनाने पर बल

**बैठक**

**सुभारती अस्पताल आयशोलेशन एवं होटल ताइक्जेन क्वारेन्टाइन सेन्टर के रूप में अधिग्रहित**



डीएम कोरोना वायरस कोविद–19 से निपटने की तैयारियों को लेकर बैठक लेते हुए।

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना वायरस कोविड–19 का विश्वभर में प्रकोप के कारण वायरस संक्रमित व्यक्ति चिन्हित हो रहे हैं। जनपद में कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव को लेकर जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में आईआरएस सिस्टम को एक्टिवेट करने सम्बन्धी बैठक हुई। जिलाधिकारी ने जनपद विभिन्न स्थानों पर यथा सुभारती अस्पताल को आयशोलेशन एवं होटल ताइक्जेन को क्वारेन्टाइन सेन्टर बनाये जाने हेतु पूर्णरूप से अधिग्रहण करने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने बताया कि आयशोलेशन एवं क्वारेन्टाइन सेन्टरों पर प्रशिक्षित चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी, जिन पर पूर्ण सुरक्षा का दायित्व पुलिस विभाग द्वारा किया जायेगा। जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन के अतिरिक्त एयरपोर्ट एवं मलिन बस्तियों में सोडियम क्लोराइड का छिड़काव करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने बचाव में सुरक्षा की बात करते हुए कहा कि लोगों का अधिकाधिक जागरूक करने हेतु विभिन्न चौक चौराहों आदि स्थानों पर लाउडस्पीकरों से मुनादी के साथ ही पम्पलेट एवं बैनरों का भी प्रयोग किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने वन अनुसंधान संस्थान परिसर में वायरस संक्रमित अधिकारियों पर चाक चौबन्द नजर रखने के साथ ही उनकी चिकित्सकीय एवं खाने–पीने की व्यवस्थाएं चलाये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने ऋषिकेश क्षेत्र में नगर निगम को विशेष साफ–सफाई व्यवस्था कराने के साथ ही लोगों को कोरोना वायरस के बारे में जागरूक बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि होटलों में आने–जाने वाले यात्रियों के बारे में उनके द्वारा की गयी पूर्व यात्रा के इतिहास की भी जानकारी प्राप्त करने के निर्देश उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को दिये। उन्होंने सिविल डिफेंस के लोगों को जनता के बीच जागरूकता पैदा करने पर बल दिया।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियो को निर्देश दिये कि अपने–अपने क्षेत्रों में सभी मन्दिर, मस्जिद, गुरूद्वारों एवं चर्च के धर्मगुरूओं को कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए भीड़–भाड़ या किसी जमावड़े को टालने या सम्भवतः स्थगित करने की सलाह देते हुए एक दूसरे के बीच उचित दूरी बनाये रखने तथा एक साथ लोगों को इकठ्ठा न होने दिया जाय। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को कोरोना वायरस की रोकथाम एवं बचाव के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के भी निर्देश दिये।

### चौधरी सुरेंद्र सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षप्रीतम सिह ने कांग्रेस के वरिष्ठ किसान नेता एवं पूर्व दर्जाधारी चौ. सुरेन्द्र सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिह ने अपने शोक संदेश में स्व0 चौ0 सुरेन्द्र सिंह करे कांग्रेस पार्टी का एक निष्ठावान एवं कर्मठ कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि उनके निधन से न केवल क्षेत्र की जनता अपितु कांग्रेस पार्टी को भी अपूर्णीय क्षति हुई है। स्व0 चौ. सुरेन्द्र सिंह जी ने कांग्रेस पार्टी संगठन में किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष के रूप में पार्टी संगठन की सेवा की तथा राज्य सरकार के दायित्व में रहते हुए राज्य के किसानों की आवाज बुलंद करने का काम किया। वहीं, उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और पूर्व मन्त्री धीरेन्द्र प्रताप ने हरिद्वार के जाने माने नेता और किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व राज्य मंत्री चौधरी सुरेंद्र सिंह के निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है। चौधरी सुरेंद्र सिंह के निदान को धीरेन्द्र प्रताप ने किसानों की व कांग्रेस की एक बड़ी क्षति बताया है। उन्होंने कहा चौधरी सुरेंद्र सिंह किसानों की एक मुखर आवाज थे।

### 65 वर्ष से अधिक बुजुर्ग और 10 वर्ष से कम बच्चे 31 मार्च तक घर पर ही रहें

**संवाददाता** देहरादून। राज्य सरकार द्वारा 65 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों को 31 मार्च तक घर पर ही रहने की अपील की गई है। सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नीतेश झा द्वारा जारी एडवायजरी में सलाह दी गई है कि मेडिकल प्रोफेशनल और अन्य आवश्यक सेवाओं में कार्यरत व्यक्तियों के अलावा अन्य सभी 65 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक 31 मार्च तक घर पर ही रहें। एडवायजरी में 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों को भी घर से बाहर न निकलने देने की सलाह दी गई है। यह एडवायजरी इस बात को ध्यान में रखते हुए जारी की गई है कि बुजुर्गों और छोटे बच्चों पर कोरोना वायरस के संक्रमण का अधिक प्रभाव देखने को मिला है।

# एफआरआई में हुआ लॉकडाउन

**आदेश**

■ करीब डेढ़ हजार लोग बाहर नहीं निकल पाएंगे



एफआरआई परिसर।

देहरादून। **संवाददाता**

एफआरआइ परिसर स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी (आइजीएनएफए) के दो और प्रशिक्षु अधिकारियों में कोरोना के संक्रमण की पुष्टि होने के बाद जिलाधिकारी ने करीब 1200 एकड़ में फैले पूरे एफआरआइ परिसर को लॉकडाउन करने के आदेश जारी कर दिए हैं। अब तक बाहरी लोगों के एफआरआइ परिसर में प्रवेश पर रोक थी, अब भीतर से भी कोई व्यक्ति बाहर नहीं आ पाएगा। कोरोना वायरस के संक्रमण को पूरी तरह रोकने के लिए यह बड़ा कदम उठाया गया है। इस आदेश के बाद एफआरआइ परिसर में रह रहे लोग परेशान न हों, इसके लिए जिलाधिकारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने आवश्यक वस्तुएं जैसे दूध, सब्जी व रोजमर्रा की सभी वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया है। लॉकडाउन क्षेत्र में एफआरआइ व आइजीएनएफए समेत भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, राज्य वन सेवा निदेशालय, एफआरआइ यूनिवर्सिटी के कार्मिक व उनके परिवार रहते हैं। स्वयं एफआरआइ निदेशक का आवास भी इसी परिसर में है। कुल मिलाकर 1500 से अधिक लोग, जो यहां निवास करते हैं, सभी डीएम के अग्रिम आदेश तक बाहर नहीं आ पाएंगे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

### दो शातिर चोर गिरफ्तार, जेल भेजे

**संवाददाता** विकासनगर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत चौकी बाजार विकासनगर पुलिस ने दो शातिर चोरों को चोरी की गोल्ड फ्लेक व कैप्सटन सिगरेट 558 डिबिया जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपये और 15 हजार नकद, चोरी की गई बैंक की पासबुक, आधर कार्ड व पहचान पत्र के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

पुलिस ने दोनों चोरों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार 19 मार्च को विपिन कुमार पुत्र स्व. तेग सिंह निवासी मस्जिद वाली गली बरोटीवाला विकासनगर द्वारा विपिन के घर में घुसकर बक्से का ताला तोड़कर बक्से में रखे 7 हजार रुपए चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना विकासनगर पर मुकदमा दर्ज कराया गया। चौकी प्रभारी एसआई दीपक मैठानी ने बताया आरोपियों ने पूछताछ में नशे के आदी होना नशे की पूर्ति करने के लिए चोरी करने की बात स्वीकारी है।

### परिवादों की सुनवाई नहीं होगी

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना की वजह से उत्तराखण्ड मानवाधिकार आयोग, देहरादून द्वारा सिर्फ अति–महत्वपूर्ण प्रकरणों में सुनवाई की जा रही हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।